## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो मोटरसाइकिलो में हुई जोरदार टक्कर दो की मौत, एक घायल

**बलौदाबाजार (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सटे समय भर्ती जिला बलौदा बाजार में एक बड़े सड़क हादसे के कारण दो बाइक सवारों की मौत की खबर प्रकाश में आई है वहीं एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुआ है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भर्ती कराया गया है घटना के बाद स्थानीय लोगों ने थाना प्रभारी अपने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक एक व्यक्ति ग्राम लक्षनपुर पर ही बाजार चौकी का रहने वाला है तो दूसरा व्यक्ति सरिया का निवासी था घटना के बाद मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है पुलिस के अनुसार हादसा दोनों मोटरसाइकिल में आमने सामने से जोरदार टकराने के कारण हुई है।

### आश्रम अधीक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के विकासखण्ड कोयलीबेड़ा अंतर्गत कौड़ोसाल्हेभाट के बालक आश्रम अधीक्षक मोहपाल उसेण्डी ने बिना पूर्व सूचना के अपने कर्त्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने, आश्रम के बच्चों को भोजन आदि की व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होने तथा रात्रि में भी बच्चों के देख-रेख नहीं करने और अपने कतर्व्य में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के कारण कलेक्टर के.एल. चैहान ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय खण्ड शिक्षा कार्यालय अंतागढ़ नियत किया गया है। इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### कलेक्टोरेट परिसर से बाइक चोरी

**महासमुंद (आरएनएस)।** शिक्षा विभाग में पदस्थ कर्मचारी की बाइक कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने से पार हो गई। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम पचेड़ा निवासी राधेश्याम दीवान 6 जनवरी को अपने बाइक क्रमांक सीजी 06 जीएल 5361 से कलेक्टोरेट गया था।

### आज शाम को शहर के 8 जलागारों से पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगा

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के 8 जलागारो से आज शाम को पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। शहर में लालपुर की ओर जाने वाली 400 एमएम व्यास वाली डीआई पाईप लाईन को पचपेड़ी नाका के पास सीएसईबी के ठेकेदार मेसर्स विनय गोलछा द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। उक्त क्षतिग्रस्त पाईप लाईन की रिपेयरिंग का काम आज सुबह पेयजल आपूर्ति किए जाने के बाद से चालू है जिसका शाम तक जारी होने की संभावना है।

### मंत्री लखमा ने पुलिस टीम को दिया 1 लाख का पुरस्कार

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य के आबकारी मंत्री कवासी लखमा को ब्लैकमेलिंग के आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को मंत्री खमा ने एक लाख रूपए देकर पुरस्कृत किया है। सूत्रों ने बताया कि मंत्री श्री लखमा को ब्लैकमेलिंग करने वाले आरोपी को पकड़ने वाली पुलिस टीम की कार्यवाही से मंत्री बेहद खुश हैं। पुलिस कर्मचारियों की तत्परता और कर्तव्यनिष्ठा से प्रसन्न मंत्री ने पूरी टीम को एक लाख रूपए का पुरस्कार दिया है। ईनाम की राशि प्रदान करने के लिए बकायदा एसएसपी रायपुर द्वारा आदेश जारी किया गया है। इनमें वो दोनों सिपाही विक्रम वर्मा और मेला राम प्रधन भी शामिल हैं, जो हाईटी पर जाने की वजह से लाइन अटैच हुए हैं। टीम में शामिल आरक्षकों को 6 हजार 500 रूपए की राशि मिलेगी।

### बुलेट मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** जिम के पास खड़ी बुलेट को किसी ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार हुड़को पुलिस कालोनी कोतवाली निवासी मोहित यादव 31 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि 31 दिसंबर को राजपूत जिम बिल्डिंग कटोरा तालाब के पास प्रार्थी ने अपनी बुलेट क्रमांक सीजी 05 एए 9835 अनुमानित कीमत 65 हजार रुपये को किसी ने चोरी कर लिया।

# राज्यपाल 12 जनवरी को करेंगी राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का उद्घाटन

» मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे अध्यक्षता » युवाओ को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाने के उद्देश्य से किया जा रहा आयोजन-उमेश पटेल

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित साईंस कॉलेज मैदान में 12 जनवरी को दोपहर 12 बजे राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ होने जा रहा है। राज्यपाल अनुसूईया उइके इस महोत्सव का उद्घाटन करेंगी तथा अध्यक्षता मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डा. चरणदास महंत, मंत्रिमंडल के अन्य सदस्य भी विशिष्टि अतिथि के रूप में इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री उमेश पटेल ने आज यहां आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि राज्य स्तरीय युवा महोत्सव से पहले प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर इसका आयोजन किया। जिसमें विजयी युवाओ को जिला स्तर पर मौका दिया गया। उनमें विजयी युवाओं को अब राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में मौका दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर स्थान दिलाने के उद्देश्य से इस युवा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि




इस युवा महोत्सव में पहले 18 विधाओं में विविध कार्यक्रम होते थे लेकिन इस बार 37 विधाओं में 821 विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इनमें मुख्य रूप से पारंपरिक लोक-नृत्य, लोक गीत, एकांकी नाटक, क्वज प्रतियोगिता, चित्रकला, निबंध, तत्कालिक भाषण, छत्तीसगढ़ी परिधानों पर आधारित फैंशन प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों पर आधारित फूड फेस्टिवल का आयोजन होगा।

पटेल ने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान खो-खो, कबड्डी के अलावा ग्रामीण पृष्ठभूमि के परम्परागत खेल भौंरा, फगड़ी, गेंड़ी दौड़-चाल की प्रतियोगिता की जाएगी।

### जेएनयू में हिंसा की साजिश हुई बेनकाब-रमन सिंह

**रायपुर (आरएनएस)।** जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) में छात्रों पर हमला करने वाली की पहचान होने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने यहां अपने बयान में कहा कि हिंसा की पूरी सच्चाई अब सामने आ गई है। उन्होंने कहा कि इस हिंसा को राजनीतिक रूप देकर आरोप-प्रत्यारोप लगाए जा रहे थे। डा. सिंह ने कहा कि पुलिस के खुलासे के बाद यह साफ हो गया है कि जेएनयू हिंसा में लेफ्ट से जुड़े छात्रों का हाथ था। ये लोग राष्ट्रीय राजनीति में लोगों को बदनाम करने की कोशिश करते है। ये पूरी साजिश लेफ्ट की थी जो बेनकाब हो गए है।



# रेलवे क्वाटर को किराए पर देने वाले कर्मचारियों की अब खैर नहीं

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे अफसरों-कर्मचारियों को एलॉट क्वाटरों को किराए पर देने वाले कर्मचारियों पर अब सख्त कार्यवाही होगी। डीआरएम बकायदा इस मामले को देखेंगे।



रेलवे सूत्रों ने बताया कि डब्ल्यूआरएस कालोनी सहित पूरे रायपुर रेल मंडल में रेलवे के मकानों को किराए पर देने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर अब सख्त कार्यवाही होगी। इसके लिए मंडल रेल प्रबंधक को निर्देश मिल गया है। बताया गया कि रेलवे प्रशासन ने सभी जोर के जीएम को इस संबंध में पत्र लिखा गया था। पत्र में एक माह का समय देते हुए रेलवे कालोनियों के क्वाटर को किराए पर देने वाले संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किए जाने का जिक्र किया गया है। ज्ञात हो कि समय-समय पर ऐसे प्रकरण सामने आते रहें है जब रेलवे के कालोनी में अथवा क्वाटर में जांच की गई तो वहां संबंधित रेलवे कर्मचारी के बजाए कोई अन्य व्यक्ति रहता पाया गया है, वहीं समय-समय पर इन क्वाटरों के व्यवसायिक उपयोग की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। इस तरह की शिकायत कई जोन से भी रेलवे मंत्रालय को मिलती रही है। संभवतः यही वजह है कि मंत्रालय अब इस तरह की शिकायतों पर सख्त बतरेगी और इसी के लिए सभी जोन के जीएम को पत्र लिखकर सख्त कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया है।

# इंडियन इंजीनियर्स फेडरेशन वेस्टर्न रीजन एवं अभियंता परिषद की बैठक में हुए शामिल

**रायपुर।** आज इंजीनियरिंग के सामने नई चुनौतियां एवं भविष्य भी हैं। वे अब मेकोट्रानिक्स नैनो इंजीनियरिंग, बॉयो इंजीनियरिंग के रूप में सामने आ रही है। मगर हमारी सबसे बड़ी ताकत सृजनात्मकता है। इससे ही भविष्य की लीडरशीप तैयार होगी। श्री सोनमणि बोरा ने इंडियन इंजीनियर्स फेडरेशन वेस्टर्न रीजन एवं अभियंता परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि सृजनात्मकता सबसे अनोखा गुण है, उसे किसी भी हाल में खत्म न होने दें, वही हमारी ताकत है। इसकी



सहायता से इंजीनियरिंग में, हर डिजाईन में नई सोच, नई स्वरूप विकसित कर सकते हैं। इसे अपनाकर कोई भी अभियंता आगे बढ़ सकता है।

बोरा ने कहा कि मेकोट्रानिक्स में आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस और रोबोटिक्स की भूमिका बढ़ गई है। इससे मिनटों में नई डिजाईन बन सकती है। आइडिया शेयर हो सकते हैं, मगर कितनी भी नई तकनीक आ जाए पर रोबोट के कोई भी भीतर क्रिएटिविटी नहीं आ सकती। श्री बोरा ने कहा कि आज लीडरशीप के मामले में परिवर्तन आ रहा है यह जरूरी नहीं है कि यह लीडरशीप सिर्फ विकसित देशों के पास ही हो, यह किसी भी यहां तक तीसरी दुनिया के देशों के पास भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभियंताओं जो भी करें विश्वव्यापी परिवर्तन को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए उसे भविष्य में होने वाली परिवर्तन के लिए तैयार रहना चाहिए।

### ई-टिकट का अवैध कारोबार चलाते दो आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा (आरएनएस)।** रेलवे ई.टिकटिंग के अवैध कारोबार पर लगाम कसते हुए रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने एक और कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर अभियान चलाया गया। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक विरेंद्र कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने कटघोरा व उरगा में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान दो टिकट एजेंट को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया है। गुरुवार को हुई कार्रवाई में कटघोरा निवासी वसीम अली को निजी आइडी से 57 हजार 874 रुपये कीमती टिकट के साथ पकड़ा गया।

# संचालक लोक शिक्षण ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण

» बालक-बालिकाओं से मिलकर पाठ्यक्रम तथा विषय से संबंधित प्रश्न पूछे

» स्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**रायपुर।** संचालक लोक शिक्षण एस. प्रकाश ने बिलासपुर, मुंगेली, बलौदाबाजार जिले में स्कूलों का औचक निरीक्षण किया और बिलासपुर में इस्पायर अवार्ड मानक के अंतर्गत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अवकलोकन भी किया। श्री प्रकाश इस अवसर पर बिलासपुर में आयोजित अभिप्रेरण कार्यशाला में भी शामिल हुए।

एस. प्रकाश ने बलौदाबाजार जिले के विकासखण्ड सिमगा में



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दामाखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। प्राचार्य से मिलकर स्कूल की समस्याओं की जानकारी ली। स्कूल में कम्प्यूटर लैब, स्टाफ रूम, प्राचार्य कक्ष और विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। उन्होंने बालक-बालिका शौचालय, पेयजल, बाउण्ड्रीवाल आदि समस्याओं के निराकरण के लिए विद्यालय के प्राचार्य को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय के अहाता निर्माण के लिए प्राचार्य को अवगत कराया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में प्री-बोर्ड की परीक्षाएं संचालित हो रही थी। संचालक लोक शिक्षण ने मुंगेली जिले के पथरिया विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिदबिदा का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विद्यालय में प्रभारी प्रधान पाठक सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।



### मकर संक्रांति महोत्सव की तैयारियां जोरशोर से जारी

» मकर संक्रांति से ही सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण होंगे

**रायपुर (आरएनएस)।** इस वर्ष भी मकर संक्रांति उत्सव की तैयारियां प्रदेश एवं देश भर में धूमधाम से शुरू की गई है। उक्त उत्सव का दक्षिण भारत में विशेष महत्व है। दक्षिण प्रांतवासी उक्त महोत्सव को पोंगल पर्व के रूप में मनाते हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में मकर संक्रांति उत्सव सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करने पर धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 15 जनवरी को मनाया जाएगा। प्राचीन मान्यता के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर घर-घर तिल के लड्डू, चूड़ा दही, खिचड़ी, घी पापड़ आचार के साथ खाने की परंपरा है। वहीं बच्चों द्वारा मकर संक्रांति के दिन आकाश में रंग बिरंगी पतंग उड़ाकर उत्सव को मनाया जाता है। मकर संक्रांति के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रदेश की पुण्य सलिला खारून, शिवनाथ, अरपा, केलो नदी, महानदी, इंद्रावती नदी, सोंढूर, पैरी आदि में सुबह में पुण्य स्नान कर भगवान भोलेनाथ को जल अर्पित कर परिवार सहित प्रदेश देश की सुख समृद्धि की कामना की जाती है।

# गुणवत्ताहीन 36 लाख की सड़क 15 दिन में लगी उखड़ने

» ठेकेदार को राशि आहरण करने पर लगाई रोक, की जावेगी उचित कार्रवाई

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय नगर पालिका क्षेत्र के अन्तर्गत शांति नगर वार्ड क्रमांक 07 नगरपालिका कार्यालय के टीचर कालोनी से कुक्कुट पालन तक 500 मीटर डामरी कृत सड़क अधोसंरचना मद से 36 लाख की लागत से जय मां वेंकटेश्वरी कंट्रक्शन के कंपनी के मालिक किरण रेड्डी के द्वारा बनाया गया है। लेकिन 15 दिन में ही नवनिर्मित डामर की सड़क उखाड़ने लगी है। यह सड़क नगर पालिका कार्यालय से महज 100 मीटर के दूरी पर बन रहा है इसके बावजूद इसके बदहाली का आलम ऐसा है कि इसे किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं ठहराया जा सकता है।



इसे लेकर शांति नगर के वासियों ने कहा कि विधायक एवं नगर पालिका सीएमओ को लिखित शिकायत की जावेगी। इस संबंध में तकनीकी सहायक विनय देवांगन से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि गुणवत्ताहीन कार्य को देखते हुए संबंधित ठेकेदार को राशि आहरण करने पर रोक लगाई गई है। उन्होने कहा कि मैं अपने किसी घरेलू कार्य से छुट्टी पर था, इसी बीच ठेकेदार के द्वारा मेरी गैरहाजिरी का फायदा उठाकर घटिया निर्माण को अंजाम दिया गया है। शांति नगर वार्ड क्रमांक 07 के पार्षद तथा नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर ने कहा कि नगर पालिका चुनाव के दौरान ठेकेदार ने घटिया व गुणवत्ता ही निर्माण कार्य को मोटी मुनाफा कमाने निर्माण कार्य को अंजाम दिया है।

### उत्तर की सर्द हवा से ठिठुरा छत्तीसगढ़



**रायपुर (आरएनएस)।** पश्चिमी विक्षोभ के असर से बिगड़ा मौसम का मिजाज अब सुधर गया है, लेकिन इसके असर से अब उत्तर भारत की ओर से आ रही सर्द हवा से पूरा प्रदेश ठिठुर रहा है। आलम यह है कि लोगों को दिन में भी ठिठुरन का एहसास हो रहा है। हिमालय के साथ ही जम्मू कश्मीर और उत्तर भारत में हुई जोरदार बर्फबारी का असर अब प्रदेश के मौसम पर भी देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर सहित अन्य राज्यों में हुई जोरदार बर्फबारी के बाद हिमालय की तराई वाले इलाकों में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इधर उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा से प्रदेश में भी जोरदार ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि उत्तर से आ रही शुष्क और सर्द हवा के असर से ही प्रदेश में इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है। प्रदेश में आगामी चौबीस घंटों तक मौसम का मिजाज इसी तरह बने रहने की संभावना बनी हुई है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई खास फर्क नहीं आएगा और प्रदेशवासियों को अभी कम से कम 2 दिनों तक और कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ेगा।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठन सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्त विरासत पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।


Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

» आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

# 13 लाख 50 हजार रुपये उधार में लेकर दिया फर्जी चेक

**रायपुर (आरएनएस)। 13 लाख 50 हजार रुपये उधार में लेकर 6 माह में लौटाने की गारंटी के तौर पर दिये 5 चेक बाउंस हो जाने पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट गोल बाजार थाने में दर्ज की गई है।**

मिली जानकारी के अनुसार जोरापारा रायपुर निवासी महेंद्र प्रसाद साहू 62 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज करायी है



कि 1 दिसंबर 2017 से 31 दिसंबर 2017 के मध्य पंकज चंदानी पिता गुरुमुख सिंह चंदानी निवासी फौव्वारा चौक गोलबाजार रायपुर ने प्रार्थी से उधार में 13 लाख 50 हजार रुपये लिये थे। रकम लौटाने के एवज में गारंटी के तौर पर 5 चेक दिया था। जबकि उसे भलीभांति पता था कि खाते में रकम नहीं है उसके बावजूद भी गारंटी के तौर पर 5 चेक दिया था। आरोपी से महेंद्र प्रसाद साहू द्वारा बारबार रुपये मांगने पर नहीं देने पर प्रार्थी ने आरोपी के द्वारा दिये गये चेक को खाते में जमा किया तब पता चला कि खाते में एक भी रुपये नहीं है व चेक बाउंस हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है।

### नीति आयोग के डेल्टा रेकिंग में छत्तीसगढ़ के तीन जिले टॉप-5 में

» मुख्यमंत्री ने कहा, सुखद संयोग और बड़ी खुशखबरी

**रायपुर (आरएनएस)।** नीति आयोग द्वारा माह नवंबर 2019 के लिए जारी डेल्टा रेकिंग में नारायणपुर सहित छत्तीसगढ़ के तीन जिलो टॉप पांच जिले में शामिल हैं। इस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खुशी जताते हुए कहा है कि यह सुखद संयोग और बड़ी खुशखबरी है। अपने ट्वीटर एकाउंट में एक पोस्ट जारी कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा-कल 12 जनवरी को हम युवा आदर्श स्वामी विवेकानंद जी का जन्मदिन मना रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा महोत्सव का आगाज कर रहा है।